**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 23.06.2026 समय : 0705

<><><><><><><><><><>

1. सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ–नैफेड के नीलामी पोर्टल का शुभारंभ करेंगे।
2. अंडमान निकोबार प्रशासन को भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा 'प्लाक ऑफ एप्रिसिएशन' से सम्मानित किया गया है।
3. नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस 26 जून को मनाया जाएगा।
4. राष्ट्रव्यापी नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कल निकोबार जिले में 'डीसी कप बैडमिंटन चैंपियनशिप' का आयोजन किया गया।

<><><><><><><><><><>

सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ–नैफेड के नीलामी पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। पोर्टल का शुभारंभ नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता, दक्षता और सुगम संचालन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

<><><><><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन को भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा 'प्लाक ऑफ एप्रिसिएशन' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान नई दिल्ली में आयोजित 'क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी सम्मेलन और पासपोर्ट सेवा दिवस 2026' के दौरान दिया गया। यह पुरस्कार भारत सरकार के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर द्वारा प्रदान किया गया। यह पुरस्कार वर्ष 2025–26 के दौरान अंडमान निकोबार द्वीप समूह के नागरिकों को पासपोर्ट सेवाएं प्रदान करने में प्रशासन के उच्च स्तर की सेवा, प्रतिबद्धता और सुशासन में योगदान के सम्मान में दिया गया है। यह राष्ट्रीय मान्यता अंडमान निकोबार प्रशासन, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, डाक सेवाओं और सभी हितधारकों के समर्पित प्रयासों को दर्शाती है। इसके अलावा द्वीपवासियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय यात्रा, शिक्षा, रोजगार, व्यवसाय और पर्यटन के अवसरों को आसान बनाने में पासपोर्ट सेवाओं के बढ़ते महत्व को भी दर्शाता है।

<><><><><><><><><><>

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार लोक निवास में पश्चिम बंगाल का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, इतिहास, उपलब्धियों और परंपराओं पर आधारित एक लघु डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। समापन अवसर पर आमंत्रित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

<><><><><><><><><><>

मत्स्य निदेशालय की ओर से अंडमान निकोबार द्वीपसमूह समुद्री मत्स्य पालन विनियम 2026 के मसौदा अधिनियम तैयार कर प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इस मसौदे पर आम जनता, मत्स्य क्षेत्र से जुड़े हितधारकों, मत्स्य संस्थानों तथा विभिन्न विभागों से सुझाव और टिप्पणियां आमंत्रित की गई है। इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं अपने सुझाव और टिप्पणियां लिखित में मत्स्य निदेशालय के पते पर सीधे या ई–मेल के जरिए प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><><><><>

पर्यटन विभाग सभी संबद्ध विभागों के सहयोग से छब्बीस से अट्ठाईस जून, तक प्रदर्शनी मैदान में 'मानसून फूड एंड स्पाइस फेस्ट' का आयोजन करने जा रहा है। इसके साथ ही कार्बाइंस कोव समुद्र तट में बीच स्पोर्ट्स भी आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए

इच्छुक होटल व्यवसायी, रेस्तरां मालिक, खाद्य विक्रेता, स्वयं सहायता समूह और व्यक्तिगत प्रतिभागी थीम–आधारित वस्तुओं की बिक्री और प्रदर्शनी के लिए जगह आरक्षित कर सकते हैं। स्वयं सहायता समूहों और राज्य स्तर के संघों को निशुल्क स्थान प्रदान किया जाएगा। इस उत्सव का उद्देश्य द्वीपसमूह को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के साथ–साथ स्थानीय उद्यमों के लिए स्थायी आजीविका एवं उद्यमिता को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। महोत्सव के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित किए जाएंगे और विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति कल तक पर्यटन विभाग के ईमेल के माध्यम से अपना विवरण साझा कर सकते हैं। स्टॉल के लिए आवेदन पत्र विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन पत्र कल दिन में ग्यारह बजे तक जमा किए जा सकते हैं। समिति द्वारा स्टॉलों का आवंटन कल किया जाएगा।

<><><><><><><><>

नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस 26 जून को मनाया जाएगा। इस सिलसिले में पिछले दिनों स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सिद्धा राजू ने की। बैठक में अंडमान निकोबार केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के सदस्यों और अन्य स्थानीय खुदरा फार्मेसी मालिकों ने भाग लिया। अध्यक्ष ने दवा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पूरे द्वीपसमूह में ड्रग इंस्पेक्टरों द्वारा फार्मेसियों के औचक निरीक्षण के महत्व पर चर्चा की, ताकि बिना वैध नुस्खे के एंटी–टीबी दवाओं और एंटीबायोटिक्स सहित अन्य दवाओं की अनधिकृत बिक्री को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि दवाएं अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक पर नहीं बेची जानी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि एक जैसी दिखने वाली और सुनने में एक समान नाम वाली दवाओं को अलग रखा जाना चाहिए और उनकी स्पष्ट पहचान की जानी चाहिए। एस्पिरिन और डिस्प्रिन जैसी दवाएं बिना उचित डॉक्टरी सलाह के नहीं दी जानी चाहिए।

<><><><><><><><>

राष्ट्रव्यापी नशा मुक्त भारत अभियान के तहत निकोबार जिला प्रशासन ने इंटीग्रेटेड रिहैबिलिटेशन सेंटर फॉर एडिक्ट्सश और आईसीडीएस–जनजातीय परियोजना के सहयोग से कल तमालू में 'डीसी कप बैडमिंटन चैंपियनशिप' का आयोजन किया। चैंपियनशिप का आयोजन 'से नो टू ड्रग्स, से यस टू स्पोर्ट्स' विषय के तहत युवाओं और समुदाय के बीच स्वस्थ, सक्रिय और नशामुक्त जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन निकोबार जिला उपायुक्त अमित काले, ने किया। उन्होंने युवाओं के विकास के लिए खेल को एक सकारात्मक माध्यम और सभी से 'नशा मुक्त भारत – खेलें खेल, रहें स्वस्थ' के संदेश को अपनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर निकोबार जिला पुलिस अधीक्षक, सहायक आयुक्त, विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रमुख, जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधि और प्रतिभागी शामिल हुए।

<><><><><><><><>

ब्रिचगंज स्थित चिंते लांग रेंज में आज और बफल रेंज में कल सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्र के संबंधित लोगों को फायरिंग रेंज से दूर रहने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में जुलाई सत्र के लिए पृथ्वी विज्ञान, भूगोल, जियो–इन्फॉर्मेटिक्स, आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन जैसे विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पाठ्यक्रम ओडीएल और ऑनलाइन दोनों मोड में उपलब्ध हैं। इच्छुक उम्मीदवार प्रवेश के लिए इग्नू के समर्थ पोर्टल पर 15 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><><>

गाराचरमा स्थित डॉ. एस.आर. डाइट में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए 2–वर्षीय डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संबंध में ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 30 जून कर दिया गया है। आवेदन पत्रों की जांच पहली जुलाई से 10 जुलाई, जबकि अस्थाई योग्यता सूची 13 जुलाई को सुबह 11 बजे जारी की जाएगी।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय की ओर से क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर के पदों के लिए पात्र और अपात्र उम्मीदवारों के अस्थाई अंक विवरण की सूची जारी कर दी गई है। इस संबंध में दावे और आपत्तियां ऑनलाइन माध्यम से 26 जून मध्यरात्रि तक जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में, सी.डी. ब्लॉक फरारगंज के तहत क़डाकाचांग में 'जीवन ज्योति ग्राम संगठन' द्वारा एचआईवी–एड्स पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सत्र के दौरान, एचआईवी–एड्स से बचाव, सुरक्षित स्वास्थ्य प्रथाओं और भेदभाव को कम करने के साथ–साथ समय पर जांच और चिकित्सीय परामर्श लेने के महत्व के बारे में बताया गया।

<><><><><><><>